## खबर संक्षेप

### 3200 रूपये का स्पाट फाईन, 10 मवेशियों को भेजा कांजी हाउस

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर में सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु क्षेत्रवार गठित टीमों द्वारा रोजाना शाम के समय अभियान चलाकर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलानें एवं निर्माण सामग्री रखने वालों पर स्पॉट फाईन की काग्रवाही की जा रही है। जिसके तहत विगत दिवस गंदगी पर 2700 रूपये तथा निर्माण सामग्री सार्वजनिक स्थलो पर रखने पर 500 रूपये कुल 3200 रूपये का स्पाट फाईन किया गया। वहीं सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु 10 धुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर अमीरगंज कांजी हाउस भेजने के साथ ही वार्डो में कीटनाशक दवा के छिड़काव का कार्य किया जाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये जा रहे है।

### 1 मई को बंद रहेगा मांसाहार का क्रय-विक्रय

**कटनी।** शासन द्वारा बुद्ध जयंती पर्व के अवसर पर शुक्रवार 1 मई को नगर में मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का क्रय विक्रय बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए है। शासन निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने नगर के समस्त संबंधित दुकानदारों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया है कि शुक्रवार 1 मई 2026 को बुद्ध जयंती के अवसर पर मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 29 अप्रैल को दोपहर 12 से जिला पंचायत के सभा कक्ष आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। सामान्य सभा की बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग विभाग से संबंधित संचालित विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति चर्चा होगी।

### दस्तक अभियान चलाया

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर निगम प्रशासन एवं सहयोगी संस्था द्वारा मंगलवार को वार्ड क्रमांक 12, वीर सावरकर वार्ड में "दस्तक अभियान" चलाया गया। इस दौरान टीम ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन (कचरा पृथक्करण) के महत्व से अवगत कराया। रहवासियों को गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने तथा कचरे को पृथक रूप से ही संग्रहण वाहन को देने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर नागरिकों को फीडबैक की जानकारी दी गई।

### बिजली उपकरण नहीं करते काम, भीषण गर्मी में ग्रामीणों की भारी फजीहत

# विद्युत मंडल का सितमः लो वोल्टेज से जूझ रहे आधा सैकड़ा गांव, नींद हराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उमरियापान विद्युत केंद्र से जुड़े लगभग आधा सैकड़ा गांवों में इन दिनों गंभीर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच कम वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पंखे और कूलर तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में इस समय तेज गर्मी पड़ रही है, तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है,लेकिन पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने के कारण कूलर, पंखे और एसी भी राहत नहीं दे रहे हैं।

उमरियापान सहित आसपास के गांवों में भी यही स्थिति बनी हुई है। खासकर रात के समय समस्या और अधिक बढ़ जाती है, जब वोल्टेज अत्यंत कम हो जाता है। बिजली की इस समस्या का असर किसानों पर भी साफ नजर आ रहा है। लो वोल्टेज और बिजली कटौती के चलते किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। कम वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर जैसे उपकरण काम नहीं करते, वहीं फ्रिज, टीवी और मोटर जैसी घरेलू वस्तुएं भी खराब हो रही हैं। बार-बार बिजली आने-जाने से स्टेबलाइजर भी जवाब दे रहे हैं, जिससे नुकसान और बढ़ गया है।

#### रात में 'जुगनू' जैसी जलती है लाइट

उमरियापान के कुदवारी मोहल्ले में स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। यहां रात के समय बिजली की हालत इतनी खराब हो जाती है कि घरों में जलने वाली लाइट जुगनू की तरह टिमटिमाती नजर आती है, जिससे लोगों की नींद हराम हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पहले बिजली की स्थिति सामान्य रहती है, लेकिन जैसे-जैसे रात बढ़ती है, वोल्टेज तेजी से गिर जाता है। इसके चलते पंखे, कूलर सहित अन्य बिजली उपकरण काम करना बंद कर देते हैं, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है, और बिजली उपकरण नहीं चल पाने के कारण बचाव के साधन भी निष्क्रिय हो जाते हैं। ऐसे में ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे लोग चिंतित हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वे कई वर्षों से क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। बीते कुछ दिनों पहले ढीमरखेड़ा में आयोजित बिजली विभाग की बैठक में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने एक महीने के भीतर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग का अमला केवल कागजी खानापूर्ति में लगा हुआ है, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस बनी हुई है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में उमरियापान के कनिष्ठ अभियंता मजहर अली ने बताया कि पावरहाउस में 8 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। वर्तमान में क्षेत्र में लोड अधिक होने और क्षमता कम होने के कारण लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि पावरहाउस की क्षमता बढ़ाने के लिए अधिकारियों को पत्राचार किया गया है। क्षमता बढ़ने के बाद समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि फिलहाल उमरियापान क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर लगाने की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। स्वीकृति मिलते ही नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे।




## मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपितों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में झिंझरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार दुबे द्वारा की गई।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थी संतोष बर्मन निवासी पिपरौध ने थाना माधवनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर के सामने स्थित दुर्गा मंदिर से अज्ञात चोरों ने माता की मूर्ति पर चढ़े चांदी के छत्र, सोने का मंगलसूत्र एवं चांदी की सुतिया चोरी कर ली। घटना 28-29 मार्च की दरमियानी रात की बताई गई। जांच के दौरान थाना कोतवाली कटनी एवं एनकेजे में दर्ज अन्य चोरी के मामलों में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने पिपरौध स्थित मंदिर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। इस मामले में प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे 20 वर्ष, राहुल सोनी 38 वर्ष जिला उमरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी प्रकाश दुबे आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई संपत्ति संबंधी अपराध दर्ज हैं।

आरोपियों के कब्जे से करीब 150 ग्राम चांदी, सोने जैसा एक लॉकेट कुल कीमत लगभग 95,000 आंकी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में झिंझरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार दुबे सहित पुलिस टीम के सदस्य शशिभूषण, सतीश भगत, राजेश चौधरी, पंकज त्रिपाठी, हरिशंकर शुक्ला, अजय, प्रीति तिवारी एवं अक्षय पांडे की भूमिका रही।

## दिव्यांग छात्रा की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी की संवेदनशीलता और मानवीयता देखने को मिली। जब कलेक्टर ने दिव्यांग शिवानी के आत्म निर्भर बनने के सपने को पंख दिए। जनसुनवाई के दौरान शासकीय तिलक कॉलेज में अध्ययनरत बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ग्राम परसवारा जिला पन्ना निवासी शिवानी पाल ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए अपनी अस्थिबाधित दिव्यांगता की जानकारी दी। दिव्यांग छात्रा शिवानी ने बताया कि मैं 70 फीसदी दिव्यांग हूँ इसलिए आने-जाने की सुविधा के लिए बैशाखी की जरूरत बताई और भविष्य में शारीरिक बाधा को पीछे छोड़ 'आत्मनिर्भर' बनने के लिए बेसिक कंप्यूटर कोर्स करने की मंशा व्यक्त की।

कलेक्टर ने शिवानी को सुगम आवागमन के लिए तत्काल बैशाखी उपलब्ध कराई। इतना ही नहीं कलेक्टर ने शिवानी के कम्प्यूटर सीखने की इच्छा को प्राथमिकता देते हुये तिलक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी को निर्देशित किया कि वे छात्रा को कम्प्यूटर कोर्स कराने में मदद करें। जिस पर शासकीय तिलक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाजपेयी ने दिव्यांग छात्रा शिवानी की हर संभव सहयोग करने की बात कही।

बैसाखी मिलने के बाद शिवानी के चेहरे पर मुस्कान और आत्म विश्वास देखने लायक था। शिवानी ने भावुक होते हुये कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने सुनी लोगों की समस्यायें

**कटनी।** पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा उपस्थित आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। इस दौरान शिकायत सुनवाई एवं समाधान हेतु एएसपी डॉक्टर संतोष डेहरिया, CSP श्रीमती नेहा पच्चीसिया, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा, डीएसपी सुश्री शिवा पाठक, एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे जनसुनवाई में उपस्थित रहे। आवेदकों की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारी एवं को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों में साइबर संबंधी शिकायतों के प्राप्त होने पर, फरियादियों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने एवं साइबर अपराधों से जागरूक रहने की हिदायत भी पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों को दी गई एवं कार्यवाही के निर्देश सायबर सेल को दिये गये। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में मुख्यतः पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन से संबंधित मामले, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने की शिकायतें, भूमि/प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध एवं समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

## प्रगणकों को सहभागिता एवं गोपनीयता की दिलाई शपथ



नगर पालिक निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल सभागार कक्ष में जनगणना 2027 के तहत आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा उपस्थित प्रगणकों को जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता, गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं स्व गणना करने के हेतु सभी को प्रेरित करने को कहा गया। इस दौरान आयुक्त सुश्री परिहार द्वारा शपथ दिलाई गई कि मैं सत्यनिष्ठा पूर्वक प्रतिज्ञा करता, करती हूं कि मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ जनगणना 2027 के लिए एक प्रगणक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। इस दौरान नगर जनगणना अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित वार्ड प्रगणको एवं सुपरवाईजर की मौजूदगी रही।

## अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु मंगलवारको जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंतस हॉल में एसपीएसबुंदेला जिला न्यायाधीश, राजेश कुमार श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से मनीष गौतम, मैग्मा इंश्योरेंस कंपनी से राधिका पेठे, इफाको टोकियो इंश्योरेंस कंपनी से ऋषभ श्रीवास एवं आईसीआईसीआई इंश्योरेंस कंपनी से मयूर सोनी बीमा कंपनी के अधिकारीगण व्हीसीसे एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण, क्लेमेंट अधिवक्ता मीटिंग में उपस्थित रहें।

एसपीएसबुंदेला जिला न्यायाधीश, राजेश कुमार श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश के द्वारा बीमा कंपनी के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा की गयी एवं न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण/अधिवक्तागण के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में क्लेम प्रकरणों के निराकरण कराये जाने का अश्वासन दिया।

श्रीमती मृणालिनी सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के द्वारा आमजन/पक्षकारो से अपील की है कि न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिविल, आपराधिक एवं चेक बाउंस 138 एनआईएक्ट के समस्त राजनीमा योग्य प्रकरणों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाए, एवं आयोजित नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं।

### कन्या महाविद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर हुआ कार्यक्रम

## सोमनाथ केवल मंदिर ही नहीं, भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, स्वाभिमान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। उपस्थित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में डॉ. श्रद्धा वर्मा द्वारा भावपूर्ण शिव स्तुति प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत कर दिया। इसके पश्चात "सोमनाथ संवाद व्याख्यानमाला" के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक,सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि सोमनाथ केवल एक मंदिर ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है।

इसके उपरांत कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती बंदना मिश्रा, सहायक प्राध्यापक द्वारा "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" के संदर्भ में प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सन् 2026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को राष्ट्रीय चेतना और एकता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अपने विचारों में सोमनाथ को भारत की अखंडता, गौरव और संघर्षशीलता का प्रतीक बताया तथा छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय की छात्रा प्रगति शुक्ला, एम.ए. प्रथम वर्ष द्वारा सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर आधारित एक सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में सोमनाथ मंदिर के निर्माण, विध्वंस और पुनर्निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को विस्तार से समझाया, जिससे उपस्थित सभी लोग अत्यंत प्रभावित हुए।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रीना मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया। अंत में सुश्री शिल्पी कुमारी सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### जनसुनवाई में 88 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

## अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण पर ठोंका जुर्माना, एक सप्ताह में हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 88 आवेदकों की समस्यालयें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर,संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई के दौरान कटनी निवासी आदर्श पाण्डेलय ने कलेक्टर श्री तिवारी को बताया कि ग्राम पंचायत मड़ई अंतर्गत ग्राम पोंडी की शासकीय चरनोई की भूमि में किड्स केयर के संचालक डॉ. डी के खरे एवं ममता खरे ने अवैध बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा कर लिया है जिसकी कार्यवाही स्वरूप तहसीलदार कटनी नगर के द्वारा संचालक पर 2 हजार रूपये का अर्थदंड लगाकर अवैध अतिक्रमण को एक सप्ताह में हटाने का आदेश दिया था। परंतु, स्कूरल संचालक द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है जिस पर कलेक्टंर ने तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम बम्हनगवां निवासी राजाराम पटेल ने कलेक्टर से कृषि उपज पंजीयन में अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कराने का आग्रह करते हुये कहा कि पूर्व में दर्ज नंबर की जगह नया मोबाइल नंबर दर्ज हो जाने से मुझे स्लॉट बुकिंग करने और कृषि उपज का विक्रय करने में आसानी होगी। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला आपूर्ति अधिकारी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में माधवनगर निवासी कमल कुमार छतवानी ने दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने का आग्रह करते हुये कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। मेरे घर का खर्च नहीं चल पा रहा है। मेरा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवा दीजिये ताकि मुझे शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। इस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्यीय विभाग को पात्रतानुसार सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए।

वहीं जनपद पंचायत रीठी के ग्राम बरजी की बुजुर्ग महिला प्यारी बाई चौधरी ने कलेक्टर श्री तिवारी को बताया कि मुझे नियमित रूप से वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी। पेंशन जारी रखने के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य था। जब मैंने अपनी समग्र आईडी का केवाईसी कराने का प्रयास किया, तो पता चला कि मेरा आधार नंबर पहले से ही किसी अन्य अज्ञात समग्र आईडी में दर्ज है। आधार कार्ड दूसरी आईडी में लिंक होने के कारण मेरा ई-केवाईसी सफल नहीं हो पा रहा है। जिससे मेरी पेंशन रूक गई है।

## शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए, प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष भी इसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, इसमें दो केंद्रीकृत चरण एवं एक CLC (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) चरण सम्मिलित रहेगा। विद्यार्थी मोबाइल ऐप (ePravesh) एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि इस सत्र से विद्यार्थी आज से ही ePraveshऐप के माध्यम से पंजीयन प्रारंभ कर सकते हैं, जबकि विकल्प चयन 1 मई से प्रारंभ होगा।

विद्यार्थियों के लिए प्रवेश को अधिक सुलभ बनाने के लिए, पंजीयन शुल्क NCTE एवं परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए ₹100 निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोर्टल शुल्क पूर्णतः समाप्त रहेगा। प्रथम चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा द्वितीय चरण से सभी विद्यार्थियों के लिए पंजीयन शुल्क 150 रुपए निर्धारित किया गया है।

#### निःशुल्क पंजीयन सुविधा

साथ ही ऐसेविद्यार्थी जो स्वयं पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में सहायता केंद्र (Help Centers) स्थापित किए गए हैं, जहाँ निःशुल्क पंजीयन सुविधा उपलब्ध रहेगी। विद्यार्थियों की सहायता के लिए विभाग द्वारा 24×7 हेल्पलाइन, टोल-फ्री नंबर एवं हेल्पडेस्क भी स्थापित किए गए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप, इस वर्ष एक महत्वपूर्ण नवाचार किया गया है। अब अन्य संकाय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को साक्षात्कार आधारित पात्रता का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए 14 मई 2026 तक जिले के अग्रणी महाविद्यालयों में वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। प्रवेश पूर्व वर्ष की भांति मेजर विषय के आधार पर दिया जाएगा, जबकि विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार माइनर एवं मल्टी डिसिप्लिनरी विषयों का चयन कर सकेंगे।

#### प्रवेश आवंटन की सूची

विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए, प्रथम आवंटन सूची 20 मई 2026, द्वितीय आवंटन सूची 7 जून 2026 और तृतीय (थर्ड) आवंटन सूचीः 23 जून 2026 को जारी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### खदान में डूबने से बालिका एवं महिला की थम गई सांसें

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत ग्राम साडा में मौसी और भतीजी की खदान में डूबने से मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई जब दोनों शादी समारोह में शामिल होने गांव आई थीं। जानकारी के अनुसार ग्राम पटना निवासी 12 वर्षीय सिमरन उर्फ माही अपने परिजनों के साथ ग्राम साडा में मौसी के घर विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। सुबह करीब 11 बजे सिमरन अपनी 40 वर्षीय मौसी अनुतिया यादव के साथ श्मशान घाट के पास स्थित एक छोटी खदान में नहाने गई थीं। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान सिमरन का पैर फिसल गया और वह खदान के गहरे पानी में डूबने लगी। भतीजी को बचाने के प्रयास में मौसी अनुतिया भी खदान में कूद गईं, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण दोनों की मौके पर ही डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना मिलने पर बाकल थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों के शव को खदान से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सिलौंडी बस स्टैंड में प्रसाधन की सुविधा नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**सिलौंडी।** सिलौंडी बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षा लय और प्रसाधन की सुविधा नही होने से सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानी होती है। सिलौंडी बस स्टैंड में धूप में बैठी सुलोचना बाई , रानी बाई ,कुसुम बाई ने बताया कि हम लोग को शादी में कटनी जाना है बस आने में देर होने के कारण धूप में बस का इंतजार करना पड़ रहा है । महिला प्रसाधन नही होने से मजबूरी में बेशर्म सड़क किनारे ही बैठने को मजबूर है। शासन प्रशासन में उच्च पद में बैठी महिलाएं को हमारी दिक्क्क को नही समझ पा रही है। हमारी मांग है कि सिलौंडी बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय और एक प्रसाधन की सुविधा जल्द हो।

### चोरी की नीयत से घर में घुसा युवक पकड़ा गया

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़खेरा में एक चोर ने दिनदहाड़े घर में घुसकर आभूषणों पर हाथ साफ करने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़खेरा निवासी रामाधार दुबे के घर में गत दोपहर करीब 2 बजे आरोपित दुर्गा पटेल ने अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया। आरोपी की नीयत घर में रखे कीमती सामान को चुराने की थी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने घर के भीतर प्रवेश कर चांदी की पायल चुराने का प्रयास किया। हालांकि समय रहते हलचल होने या प्रार्थी की सतर्कता के कारण चोरी की वारदात पूरी नहीं हो सकी। घटना की सूचना तत्काल माधवनगर पुलिस को दी गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित दुर्गा पटेल के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### ऑनलाइन स्व-गणना के लिए अंतिम अवसर केवल दो दिन शेष

**कटनी।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए अब केवल दो ही दिन शेष रह गए हैं। https://se.census.gov.in पोर्टल पर "स्व-गणना" का विकल्प उपलब्ध है, जहां नागरिक 30 अप्रैल 2026 तक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक ऑनलाइन स्व-गणना फार्म नहीं भरा है, वे शीघ्र इसे पूरा करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि एक मई 2026 से प्रारंभ होने वाले जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं गणना' में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना पूरी करने के बाद एक एसई आईडी SE ID जनरेट होगी, जिसे 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक के घर-घर भ्रमण के दौरान साझा करना अनिवार्य होगा। प्रगणक द्वारा सत्यापन के पश्चात ही मकान सूचीकरण एवं गणना की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

---

लापरवाही नहीं बरतने केन्द्र प्रभारियों को दी सख्त हिदायत, किसानों से ली जानकारी

# उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर कलेक्टर ने बोरियां खोलकर परखी गेहूं की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बड़वारा, नन्हकवारा सेझा, विलायतकला और अमाड़ी उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में पंखा व छन्ना के माध्य म से गेहूँ की सफाई कराकर ही खरीदी की जाय। गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।साथ ही उन्हों ने किसानों को केन्द्रों पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जेन सिंह परिहार, तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम, कनिष्ठं आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गुणवत्ता युक्त गेहूँ खरीदने के सख्त निर्देश दिये और अमाड़ी उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्हों ने खुद कुछ बोरियों को खुलवाकर उनकी गुणवत्ता परखा और गेहूँ को पंखा और छन्ना से साफ करवाकर गेहूँ की तुलाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों में मौजूद किसानों से चर्चा किया और पूछा- कोई समस्या हो तो बतायें। साथ ही उनसे खरीदी केन्द्रों में लाये गये गेहूँ की मात्रा और गेहूँ के बोये गये रकबे आदि के संबंध में जानकारी ली।



### किसानों के लिये बेहतर सुविधाओं के दिये निर्देश

प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है, ताकि अधिक संख्या में किसान स्लॉट बुकिंग कराकर गेहूं बेच सकेंगे। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्धा है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्था न, जन सुविधाएं आदि की व्यएवस्था एं की गई हैं।

### गुणवत्तायुक्त गेहूँ की करें खरीदी

कलेक्टर श्री तिवारी ने किसान भाईयों से अपील की है कि वे उपार्जन केन्द्र में छना हुआ साफ-सुथरा गेंहू लायें। उपार्जन केन्द्र में हर हाल में एफएक्यू गुणवत्ता का ही गेहूं खरीदा जाय।कलेक्टर श्री तिवारी ने सख्त निर्देश दिए कि गेहूं की खरीदी निर्धारित मानक अनुसार की जाए।

### 9 मई तक स्लॉट बुकिंग

लघु एवं सीमांत कृषकों के साथ-साथ मध्यम एवं बड़े किसानों के लिये भी स्लॉट बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है।जिले में अब तक 6 हजार 134 किसानों से 18 हजार 691 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है और जिले में 24 हजार 743 किसानों से स्लॉ ट बुक कराया है।

### समर्थन मूल्य के साथ बोनस भी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लायें।

---



## ननि ने कबाड़ सामग्री की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान और उससे उत्पन्न अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी कड़ी में मिशन चौक स्थित मजार गली क्षेत्र में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा एक कबाड़ व्यवसायी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित कबाड़ व्यवसायी द्वारा बड़ी मात्रा में ज्वलनशील कबाड़ सामग्री जैसे प्लास्टिक, कागज, रबर एवं अन्य अपशिष्ट का अव्यवस्थित ढंग से भंडारण किया गया था। संकरी गली और घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में ऐसी स्थिति किसी भी समय गंभीर अग्नि दुर्घटना का कारण बन सकती थी।

स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए निगम टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से कबाड़ सामग्री जब्त की जाकर एमएसडब्लू प्लांट भेजते हुए क्षेत्र को संभावित खतरे से मुक्त कराया। इस दौरान संबंधित व्यवसायी को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि भविष्य में आबादी क्षेत्र से दूर कबाड़ सामग्री का भंडारण करें और अग्नि सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम ने शहर के समस्त व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों एवं परिसरों में ज्वलनशील सामग्री का सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित भंडारण करें, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें।

---

*दुकान से धुंआ उठता देख आसपास के लोगों ने दिखाई तत्परता*

## खिरहनी फाटक स्थित ब्यूटी पार्लर में लगी आग, समय पर बुझाई, बड़ी घटना टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्म ऋतु में अग्नि हादसों की संख्या में इजाफा होने लगा हे। मंगलवार को राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत खिरहनी फाटक ब्रिज के पास स्थित एक भवन के ऊपरी तल पर संचालित ब्यूटी पार्लर में लगी आग पर फायर अमले की सूझबूझ एवं त्वरित कार्रवाई से समय रहते नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः लगभग 9:40 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से अग्नि दुर्घटना की सूचना मिलते ही दुर्गा चौक खिरहनी, बस स्टैंड जोन एवं सिविल लाइन जोन से तीन दमकल वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। गनीमत रही कि आग की सूचना समय पर मिल गई और लोगों की मदद से उसे बुझा लिया गया, वरना घनी आबादी और दवाइयों के स्टॉक के कारण आग विकराल रूप ले सकती थी।




मौके पर पहुंचकर फायर टीम द्वारा राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। ब्यूटी पार्लर में उपलब्ध ज्वलनशील सामग्री के चलते आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया था, जिससे स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई। फायर कर्मियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के उपरांत आग पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त कर लिया। समय पर की गई इस प्रभावी कार्रवाई के फलस्वरूप भवन के निचले तल पर संचालित मेडिकल स्टोर तथा आसपास के व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्र को किसी भी प्रकार की क्षति से सुरक्षित रखा जा सका। प्रारंभिक रूप से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्रभारी फायर निरीक्षक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि संबंधित संस्थान में आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरणों का अभाव होने के कारण प्रारंभिक स्तर पर आग पर नियंत्रण पाना संभव नहीं हो सका। नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का पालन सुनिश्चित करें, विद्युत उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें तथा ज्वलनशील सामग्री को सुरक्षित ढंग से रखें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल फायर ब्रिगेड एवं संबंधित विभाग को सूचित करें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

---

## जिला जेल में विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला जेल कटनी में निरूद्ध बंदियों के लिए विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों को रखा गया था। विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी, श्रीमती मृणालिनी सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी, सुश्री चित्रांगदा मंडलोई विशेष जेल लोक अदालत पीठासीन अधिकारी, हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी कटनी, प्रभात चतुर्वेदी जेल अधीक्षक, की उपस्थिति में सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्र्यापण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी के द्वारा स्वागत किया गया। जितेन्द्र कुमार शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बंदियों से अधिक से अधिक प्रकरणराजीनामा किए जाने हेतु प्रेरित किया।

---

## बारातियों पर बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इंदिरा नगर क्षेत्र में बीते दिनों पुलिस कर्मियों द्वारा बारात में लोगों की गई बर्बरता के मामले में पीड़ितों को न्याय दिलाने एवं आरोपित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध FIR दर्ज करने की मांग को लेकर पुलिस कप्तान को ज्ञापन सौंपा गया। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पुलिस कर्मियों द्वारा की गई मारपीट की घटना अत्यंत गंभीर और निंदनीय है। बारात के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा आम नागरिकों और बारात में शामिल लोगों के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की गई। इस घटना से न केवल पीड़ितों को शारीरिक और मानसिक चोट पहुँची है, बल्कि समाज में पुलिस की छवि को भी गहरा धक्का लगा है। मांग की गई है कि इस घटना के सभी पीड़ितों को तत्काल न्याय प्रदान किया जाए। घटना में संलिप्त दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से निलंबित किया जाए एवं मारपीट में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। पूरे प्रकरण की किसी उच्च अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि भविष्य में वर्दी की आड़ में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को आगाह किया गया है इस मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करेंगे और न्याय की स्थापना करेंगे। यदि इस दिशा में त्वरित कदम नहीं उठाए गए, तो हमें न्याय की गुहार लगाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आगे कदम उठाने हेतु विवश होना पड़ेगा।



---

*रिकार्डस के डिजिटाइजेशन में लापरवाही बरतना पड़ा भारी, उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने दिये निर्देश*

## दायित्व निर्वहन में लापरवाही पर दो का पटवारियों को थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कार्यों में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर तहसील स्लीमनाबाद के ग्राम पडरभटा के हल्का पटवारी गजेन्द्र सिंह और बहोरीबंद के प.ह.नं. 54 कुआं के हल्का पटवारी अरविंद तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्यवाही हाल ही में संपन्न हुई राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में खराब प्रगति पाए जाने के बाद कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर हुई है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में हाल ही में राजस्व विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक में पाया गया कि स्लीमनाबाद तहसील के वृत्त धरवारा के ग्राम पडरभटा के हल्का पटवारी गजेन्द्र सिंह द्वारा तहसील अभिलेखागार के लेगेसी रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। पटवारी श्री सिंह के क्षेत्र की 21 फाइल्स (कुल 1107 पेज) 'ऑटो अप्रूव' हो गईं, जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। इसके बाद तहसीलदार स्लीमनाबाद ने इसे पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना मानते हुये हल्का पटवारी श्री सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। एवं इस नोटिस प्राप्ति की तिथि से 2 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर अपना जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि नियत समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने एवं समाधान कारक जवाब नहीं पाए जाने पर यह माना जावेगा कि आपके पक्ष में कोई आधार नहीं है। अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित किया जाकर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) अधिनियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

इसी प्रकार, प्रमुख सचिव द्वारा ली गई वीसी में स्कैनिंग हुए अभिलेखों की क्वालिटी जांच किया जाना था। परंतु, तहसीलदार बहोरीबंद के प.ह.नं. 54 कुआ के पटवारी अरविन्द तिवारी द्वारा स्कैनिंग का कार्य पूरा नहीं किया गया। इसके बाद तहसीलदार बहोरीबंद ने हल्का पटवारी श्री तिवारी को नोटिस जारी कर कहा है कि विगत चार दिवस से मैंने आपको व्यक्तिगत मोबाईल द्वारा कार्य के प्रति सूचित किया था। आपके द्वारा कार्य न किये जाने के कारण उच्च अधिकारियों की छवि धूमिल हुई। आपका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण अधिनियम के प्रतिकूल है। क्यों न आपके विरूद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। अतः आप उक्त के संबंध में नोटिस प्राप्ति के 3 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में एवं आपका जबाव संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जावेगा।

---

विभिन्न शाखाओं की मौजूदगी से आसान हुई समाधान प्रक्रिया

## महापौर से बताई समस्याएं, मौके पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम में आयोजित महापौर जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। अलग-अलग वार्डों से आए लोगों ने पेयजल, सड़क, स्वच्छता और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनी।

कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला। उन्होंने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इससे लोगों में विश्वास और संतोष की भावना देखने को मिली।



कई नागरिकों ने मौके पर ही अपनी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू होने पर संतुष्टि भी जताई।

जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिससे कई मामलों में तत्काल निर्णय लेते हुए मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए। इस व्यवस्था के कारण नागरिकों को अलग-अलग शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं पर कार्रवाई शुरू हो गई। साथ ही प्राथमिकता वाले मामलों को चिन्हित कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित हो रही इस जनसुनवाई में नागरिकों की सहभागिता और नगर निगम के प्रति जवाबदेही और समयबद्ध कार्यवाही के चलते यह पहल शहरवासियों के लिए राहत का माध्यम बनती जा रही है। साथ ही लंबित मामलों की मॉनिटरिंग और फॉलोअप की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे समाधान में निरंतरता बनी रहे।

### महापौर ने की अपील

महापौर श्रीमती सूरी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे रखें और इस व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, जिसमें आमजन की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।इसलिए अधिक से अधिक नागरिक इसमें शामिल होकर इस पहल को सफल बनाएं।

---

## स्वैच्छिक संगठनों की सहभागिता महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्र सरकार और राज्य शासन द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के अभियानों में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं स्वैच्छिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता प्रभावी होने के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये बातें जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पंख कार्यक्रम (दृष्टि योजना) के अंतर्गत, स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में मौजूद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से कहीं।

सुश्री कौर ने कहा कि आप लोग उपलब्ध सीमित साधन, संसाधनों में शासन द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार कर जन जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने हाल में ही चल रहे राष्ट्रीय कार्य जनगणना एवं जल गंगा संवर्धन अभियान का जिक्र करते हुए सराहना की । इस दौरान उन्होंने विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और प्रतिनिधियों से की जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली और सुझाव साझा किए।



जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने कहा की फील्ड में आपको कार्य करने में आ रही समस्याओं के संबंध में अवगत कराएं ताकि यथाशीघ्र यथोचित निराकरण किया जा सके। इसके पूर्व जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा संगठनों द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को दिखाया गया तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री केशवाल ने विभागीय गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेज सिंह केशवाल, बालमुकुंद मिश्रा, अरविंद शाह, राय मानव जीवन विकास समिति, पीपल संस्था, प्रथम संस्था आदि प्रमुख मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## 3 मई को आयोजित होगी नीट परीक्षा

**दमोह।** जिले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा 03 मई, रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा जिले के तीन केंद्रों- केंद्रीय विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में संपन्न होगी। परीक्षा की सुचारू एवं व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 30 अप्रैल, गुरुवार को दोपहर 03 बजे कलेक्ट्रेट दमोह के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। प्रभारी अधिकारी द्वारा संबंधित सभी अधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है, ताकि परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित योजना बनाई जा सके।

## पूर्व मंत्री अरूण यादव एवं लखन घनघोरिया का आगमन आज

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मोर्चा संगठनों, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई समस्त प्रकोष्ठों विभागों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि दिनांक 29 अप्रैल 2026 बुधवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, म.प्र. के पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया का जबलपुर से दमोह आगमन हो रहा है। वह सुबह 11 बजें जबलपुर नाका मुख्य रोड स्थित नवीन कांग्रेस कार्यालय सुखसागर रेस्ट्रोरेंट के पास पूजन अर्चन पश्चात जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में उदघाटन करेगे एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे महिला आरक्षण संबंधी बिल को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करेगे।

## जिपं दमोह की सामान्य सभा की बैठक आज

**दमोह।** जिला पंचायत दमोह की सामान्य सभा की बैठक 29 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जायेगी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर बैठक में उपस्थिति के लिए आग्रह किया है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन 30 अप्रैल को 11 बजे कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में किया जायेगा, बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुवार एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# आंधी-तूफान के बाद तेंदूखेड़ा में 24 घंटे से ठप बिजली, भीषण गर्मी में लोग बेहाल

### तेंदूखेड़ा में बिजली संकटः 90-100 गांव अंधेरे में, गर्मी ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

क्षेत्र में सोमवार को आए आंधी-तूफान एवं हल्की बारिश के बाद जहां लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं इसके तुरंत बाद उत्पन्न हुई विद्युत बाधा ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। सोमवार शाम लगभग 5:00 बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो जाने के कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और लोगों को रात भर उमस एवं गर्मी का सामना करना पड़ा।

विद्युत व्यवस्था बाधित होने के चलते लोगों को मजबूरन घरों से बाहर निकलकर खुले स्थानों पर समय बिताना पड़ा। विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर बिजली न होने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, मंगलवार को भीषण गर्मी और उमस ने हालात और बिगाड़ दिए। लगभग 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक चिंताजनक रही, जहां करीब 100 गांवों में बिजली पूरी तरह बाधित रही।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण लाइन में तकनीकी खराबी (फॉल्ट) आ गई थी, जिसे रात के समय ढूंढ पाना संभव नहीं हो सका। विभाग की टीम द्वारा लगातार प्रयास किए गए, लेकिन फॉल्ट का पता मंगलवार को ही चल पाया, जिसके बाद सुधार कार्य प्रारंभ किया गया।

मंगलवार दोपहर लगभग 2:00 बजे के बाद ही कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल हो सकी। हालांकि, तब तक आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि ऐसी परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा वैकल्पिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) एम.एफ. अंसारी ने जानकारी दी कि तेजगढ़ से संग के बीच नई विद्युत लाइन स्थापित की जा रही है। आंधी-तूफान के कारण तार आपस में चिपक जाने से विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर 2:00 बजे 33 केवी लाइन की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया, जिससे नगर में भी उसी समय विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई। हालांकि, आंतरिक व्यवस्था में फॉल्ट होने के कारण उसे ठीक करने में अतिरिक्त समय लगा और शाम 4:00 बजे तक उसे भी सुचारु रूप से चालू कर दिया गया। विद्युत व्यवस्था बाधित होने से लगभग 100 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

## आज भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**हटा।** उपकाशी हटा नगर में वैशाख मास के पावन पुनीत पर अवसर पर सुनार नदी के तट पर स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवतकथा का आयोजन नगर के सुभाष वार्ड निवासी श्रीमती विमला पुरुषोत्तम पन्या द्वारा आयोजित की जा रही है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पंडित वीरेंद्र शास्त्री द्वारा अपनी अमृतमय वाणी से कराई जावेगी। जिसका शुभारंभ आज कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा मां चंडी जी मंदिर से प्रारंभ होगी जो बालाजी मंदिर से होते हुए सर्व ब्राह्मण धर्मशाला कथा स्थल पहुंचेगी जहां कलश पूजन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। पन्या परिवार द्वारा नगर के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओ से कथा श्रवण करने की अपील की है।

## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर 1 मई से

**दमोह।** आचार्य विद्यासागर जी समय सागर जी के आशीर्वाद एवं निर्यापक श्रमण श्री सुधासागर जी की भावना के अनुरूप मुनि श्री पदम सागर जी ससंघ के सानिध्य में 1 मई से 8 मई तक आयोजित हो रहे शिविर में आध्यात्मिक दार्शनिक एवं मानसिक तंदुरुस्ती के लिए आयोजित शिविर में अध्ययन, मानसिक क्रियाकलाप, एवं खेलो का आयोजन होगा। जिसमें डॉ प्रदीप जैन आचार्य ने बताया कि इस शिविर के प्रारंभिक चरण में अभी केवल 3 केंद्र बनाए गए हैं जो कि नन्हे मंदिर धर्मशाला, सिंघई मंदिर धर्मशाला, चौधरी मंदिर धर्मशाला में आयोजित होना है जिसमें बाहर आए हुए विद्वान एवं स्थानीय शिक्षक गण अध्यापन कराएंगे। प्रातः काल से लेकर रात्रि 9 बजे तक यह विधिवत चलेगा। अधिक जानकारी के लिए व्यवस्था केंद्र एवं वहां के अध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं। शिविर के साथ-साथ बाबर टूर्नामेंट का आयोजन है जिसमें शतरंज, कैरम, ,बैडमिंटन आदि खेलों का भी आयोजन है।

## मवेशी को बचाने के दौरान पलटा आटो चार घायल, तीन रेफर



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार की दोपहर 12 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर झलौन मार्ग पर बम्हौरी की घाट पर एक तेज रफ्तार आटों वाहन मवेशी को बचाने के दौरान अनियंत्रित हो पलट गया इस हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें से 3 लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार इस बसंत पिता किशोरी चक्रवर्ती उम्र 37 वर्ष जानकी बाई पति नत्थू चक्रवर्ती उम्र 55 तरबर पिता नत्थू चक्रवर्ती उम्र 45 वर्ष जो कि तीनों ग्राम कुंदपुरा के निवासी हैं थाना तारादेही जबकि ग आटों चालक नंदराम पिता डेलन पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी पटनाऊ थाना तेजगढ़ है इस हादसे में घायल हुए हैं लोगों ने बताया कि वह तेन्दूखेड़ा में किसी का इलाज कराने के लिए आए थे जहां से वो वापस लौट रहे थे लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई जहां से जानकी बाई चक्रवर्ती तरबर चक्रवर्ती बसंत चक्रवर्ती को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान शुरू

**15 जून तक चलेगा पांडुलिपियों के सर्वे और डिजिटलीकरण का विशेष अभियान**

**दमोह।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन' के अंतर्गत जिले में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 26 मार्च से 15 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जिले के विभिन्न निजी शोध संस्थानों, महाविद्यालयों, पुस्तकालयों, मंदिरों, मठों, आश्रमों और व्यक्तिगत ट्रस्टों में सुरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज करना है। खोज के बाद इन पांडुलिपियों की जानकारी 'ज्ञान भारतम ऐप' पर अपलोड की जाएगी ताकि हमारी ऐतिहासिक विरासत को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखा जा सके। अभियान के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समस्त जिला दमोह, प्राचार्य पी.एम श्री कॉलेज, जिला शिक्षा अधिकारी, सुरेन्द्र चौरसिया मार्गदर्शक जिला पुरातत्व दमोह शामिल है।

# कृषि आदान विक्रेता संघ ने बंद रखे प्रतिष्ठान



दमोह। कृषि आदान विक्रेता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री नई दिल्ली, राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी उज्जैन प्रांतीय अध्यक्ष मान सींग राजपूत के कुशाल मार्गदर्शन में दमोह अध्यक्ष प्रमोद बजाज द्वारा अपनी उचित मांगो को लेकर पूरे जिले में कृषि आदान विक्रेता संघ के व्यापरियो ने अपने प्रतिष्ठान पूर्ण बंद रखे एवं मा. नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन, मा. सांसद दमोह राहुल सिंह कलेक्टर महोदय दमोह एवं उप संचालक कृषि के माध्यम से प्रषित किये। तहसील स्तर पर भी कृषि आदान विक्रेता संघ व्यापारियों के प्रतिष्ठान पूर्ण रुप से बंद रहे। पथरिया में मा. तहसीलदार, मा. तहसीलदार बटियागढ़, हटा में मा.एस.डी.एम., जबेरा में मा.तहसीलदार, पटेरा में मा. तहसीलदार एवं तेंदूखेडा में मा.एस.डी.एम. के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किये गये। सभी ज्ञापन मा. प्रधानमंत्री जी के नाम से प्रेषित किये गये एवं अनुरोध किया गया की कृषि आदान विक्रेता संघ की उचित मांगो को गंभीरता से लेकर उचित समाधान निकलवाने का कष्ट करे। आज का यह बंद संपूर्ण भारत में रखा गया है। सफल बंद आयोजन के लिये जिले के सभी कृषि आदान विक्रेता संघ के सदस्यो का बहुत बहुत आभार।

# जनजातीय छात्रावासों में पदस्थ अंशकालीन कर्मचारियों को 10 माह से नहीं मिला वेतन



**दमोह।** मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ, जिला दमोह द्वारा जनजातीय छात्रावासों में पदस्थ अंशकालीन कर्मचारियों को विगत 10 माह से वेतन न मिलने के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में एडीएम महोदया को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष बबलू ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अंशकालीन रसोइया, चौकीदार एवं सफाईकर्मी कलेक्ट्रेट पहुंचे। संघ ने एडीएम महोदया को अवगत कराया कि कर्मचारियों को 10 माह से वेतन/मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। मात्र 5000 प्रतिमाह मानदेय पर 8 घंटे काम लिया जा रहा है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। सभी अंशकालीन कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित कलेक्टर दर से मानदेय दिया जाए। एडीएम महोदया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से रिपोर्ट तलब कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। संघ की चेतावनी यदि 10 दिवस के अंदर 12 माह का बकाया वेतन भुगतान नहीं किया गया तो मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ जनजाति विभाग कार्यालय के समक्ष धरना देगा एवं कलेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। पूर्व में भी जिला संयोजक, जनजाति कल्याण विभाग सुश्री अदिति शांडिल्य को संघ द्वारा पत्र के माध्यम से समस्या से अवगत कराया जा चुका था, परंतु आज दिनांक तक वेतन भुगतान नहीं हुआ है। इस अवसर पर संघ के जिला उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सैकड़ों अंशकालीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आर्थिक रूप से सशक्त बनना नितांत आवश्यक : न्यायाधीश शर्मा

### जे.पी.बी. विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में जे.पी.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य डी.के. मिश्रा सहित शिक्षकगण एवं छात्रायें उपस्थित रहीं। उक्त आयोजित शिविर में जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा ने उपस्थित छात्राओं को अपना उद्देश्य एवं लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा अर्जित करने व पूरी लगन और परिश्रम से अध्ययन कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने तथा माता-पिता एवं गुरूजनों की सलाह पर ध्यान देकर उनकी बातों को आत्मसात किये जाने के संबंध में चर्चा की गयी, साथ ही पाक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, इंटरनेट का सदुपयोग विषय पर जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि छात्राओं को बताया कि विवाह हेतु लड़की के लिए 18 वर्ष एवं लड़के के लिए 21 वर्ष होती है, उक्त आयु से कम आयु के लड़के या लड़की का विवाह कराया जाना दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह की घटनाओं की सूचना चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1008 पर कर सकते है, साथ ही आपने रैगिंग, निःशुल्क हेल्पलाईन 15100 के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्राचार्य डी. के. मिश्रा द्वारा किया गया।

## जैन मिलन स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन 2 मई को

**दमोह।** जैन मिलन दमोह द्वारा भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर 2 मई, शनिवार को सिंघई रेसिडेंसी में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सम्मान समारोह, शपथग्रहण, मार्गदर्शन सत्र एवं कार्यशाला जैसे विविध आयोजन होंगे, जो संगठन, सेवा और संस्कार का संदेश देंगे। आयोजन में जैन मिलन की विभिन्न शाखाओं को एक मंच पर लाकर समन्वय और समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर जैन पत्रकारों, संस्थापक सदस्यों, वीरांगनाओं, जैन डॉक्टरों एवं गौसेवकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही महिला जैन मिलन की विभिन्न शाखाओं एवं वरिष्ठ शाखा का शपथग्रहण समारोह भी संपन्न होगा, जिससे संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में अतिवीर कमलेंद्र जैन, आर.के. जैन, कविता ऋषभ जैन एवं जिनेश जैन वहरोल सहित क्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। साथ ही कार्यकर्ताओं के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगठन की कार्यपद्धति और नेतृत्व विकास पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। जैन मिलन दमोह ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# जो अपने माता-पिता की आज्ञा, सेवा और सम्मान को सर्वोपरि मानता है, सच्चे अर्थों में वहीं धर्म का पालन करता है : पं. प्रेम नारायण शास्त्री

**तेंदूखेड़ा।** नगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का छठवां दिवस कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री (वृंदावन धाम, समनापुर) ने माता-पिता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताते हुए कहा कि जो संतान अपने माता-पिता की आज्ञा, सेवा और सम्मान को सर्वोपरि मानती है, वही सच्चे अर्थों में धर्म का पालन करती है। उन्होंने भगवान परशुराम की कथा का भी वर्णन किया। बताया गया कि पिता जमदग्नि ऋषि के आदेश पर भगवान परशुराम ने बिना किसी मोह के अपनी माता रेणुका का सिर काटकर पिता के चरणों में अर्पित किया। पुत्र की इस अद्भुत आज्ञाकारिता से प्रसन्न होकर जमदग्नि ऋषि ने वरदान मांगने को कहा। भगवान परशुराम ने माता को पुनः जीवित करने, उन्हें इस घटना की कोई स्मृति न रहने और जीवन भर माता-पिता की सेवा में तत्पर रहने की शक्ति की कामना की। यह प्रसंग श्रद्धालुओं को आज्ञाकारिता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का वर्णन भी किया गया। पंडित शास्त्री ने बताया कि इंद्रदेव के अहंकार और मूसलाधार वर्षा से ब्रजवासियों की रक्षा हेतु भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया। सात दिनों तक ब्रजवासियों, गायों और पशुओं को पर्वत की छांव में सुरक्षित रखा गया। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी को धैर्य रखने का उपदेश दिया और अंततः इंद्रदेव को अपनी भूल का एहसास हुआ। यह लीला भगवान की सर्वशक्तिमत्ता और भक्तवत्सलता का अनुपम उदाहरण है। कार्तिक मास में गोपियों के वस्त्र-हरण (चीरहरण) प्रसंग का भी कथा में उल्लेख किया गया। यमुना तट पर स्नान करती गोपियों के वस्त्र उठाकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अहंकार त्याग, पूर्ण भक्ति और तन-मन-धन के समर्पण का संदेश दिया। यह लीला आत्मसमर्पण, पवित्रता और निष्काम भक्ति का प्रतीक है। साथ ही रुक्मणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए पंडित शास्त्री ने बताया कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं। भाई रुक्मणी के विरोध के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का उद्धार कर उनसे विधिवत विवाह किया। यह विवाह प्रेम, भक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। कथा के दौरान संगीतमय भजनों और जयघोष से पूरे पंडाल का वातावरण भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने भागवत कथा के माध्यम से जीवन में भक्ति, समर्पण और धार्मिक कर्तव्यों का महत्व समझा। इस आयोजन ने सभी के हृदयों में आध्यात्मिक आनंद और धार्मिक चेतना को जाग्रत किया।

## ग्राम कोटखेड़ा में लगी जल चौपाल

**दमोह।** विकासखंड तेंदूखेड़ा के ग्राम कोटखेड़ा में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026- द्वितीय चरण" के अंतर्गत जल चौपाल का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान 28 मार्च से 30 जून 2026 तक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व, वर्षा जल संचयन, तथा जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, ग्राम स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से जल संकट के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोटखेड़ा के अध्यक्ष प्रवेश लोधी, सचिव वीरेंद्र लोधी सहित खुमान सिंह, राजेश सिंह, आशु, अर्जुन सिंह, संदीप कुमार, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लटूरे सिंह, मधु, बसंत कुमार, नरेंद्र कुमार, गुमान सिंह, दशरथ सिंह, चंदन सिंह, लोकेंद्र, मानसिंह, जेकम सिंह आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष प्रवेश लोधी द्वारा सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

## एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान के तहत 11744 किशोरियां हुई सुरक्षित

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि प्रदेश सहित जिले में फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से संचालित एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान के अंतर्गत दमोह में 11744 किशोरियों का टीकाकरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। डॉ. अठया ने एचपीव्ही टीकाकरण से छूटी हुई किशोरियों के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा है कि अपनी 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की किशोरियों का शीघ्र एचपीव्ही टीकाकरण करायें ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के जोखिम से सुरक्षित किया जा सकता है। जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एच.पी.व्ही टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है।

# नरसिंहगढ़ में हुई शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

ग्राम नरसिंहगढ़ में नर्मदेश्वर मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। दिनांक 20 अप्रैल से श्री राम कथा, श्री राम यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें रोज शिवाजी का अभिषेक श्री राम यज्ञ और श्री राम कथा का आयोजन भव्यता से हुआ। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया। दि 28 अप्रैल को सुबह से ही शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा की गई। शाम 4 बजे से श्री राम कथा चित्रकूट से कथावाचक योगाचार्य राधिका वैष्णवद्वारा लगातार इस तारीख से श्री राम कथा सुनाई जा रही थी। कथावाचक द्वारा बताया गया कि भगवान को पाना आसान नहीं है, आप चाहो के मंदिर में 10 मिनट को जाओ भगवान मिल जाएंगे पहले हजारों साल तपस्या की जाती थी तब जाकर प्रसन्न होते थे। भगवान आज सौभाग्य हम सभी का की राम कथा भागवत कथा चाहे तो 24 घंटे सुन सकते हो चाहे वह मंच के माध्यम से चाहे सोशल मीडिया से तब चाहे आप कथा सुन सकते हो लेकिन आपने 7 दिन आपने कथा सुनी उससे आपका बदलाव होना चाहिए। रामचरितमानस सीखत है की मंशा को बदलना चाहिए। अगर आपने कथा सुनी है और अपने अंदर बदलाव नहीं ले तो फिर कथा सुनने का क्या मतलब। कथाएं सौभाग्य से मिलती है। कथा सुनाने के लिए नर्मदेश्वर मंदिर समिति द्वारा शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वालों का नर्वदेश्वर समिति नरसिंहगढ़ द्वारा आभार माना गया। यज्ञ संचालक बाल संत मधुसूदन दास जी महाराज, मनसा प्रवक्ता योगाचार्य राधिका वैष्णवा रही।

# क्रांतिनायक राजा हिरदेशाह लोधी की जीवनी अब स्कूल पाठ्यक्रम का बनेगी हिस्सा

### राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा

**दमोह।** राजधानी भोपाल का जम्बूरी मैदान आज राष्ट्रभक्ति और शौर्य के गौरवशाली इतिहास का साक्षी बना। 'नर्मदा टाइगर' के नाम से विख्यात, 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की 168वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'शौर्य यात्रा' में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने राजा हिरदेशाह जी के बलिदान को याद किया। उन्होंने भावुक और ओजस्वी स्वर में मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया कि "जिस महानायक ने 1857 की क्रांति से भी 15 वर्ष पूर्व अंग्रेजों की चूलें हिला दी थीं, उनकी शौर्य गाथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचना अनिवार्य है। अतः उनकी जीवनी को विद्यालयी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए। राज्यमंत्री श्री लोधी के इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा की कि राजा हिरदेशाह लोधी की जीवनी पर गहन शोध कराया जाएगा और उसे स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और वास्तविक नायकों से परिचित हो सके। साथ ही, उन्होंने राजा साहब की जन्मस्थली 'हीरापुर' को एक भव्य पर्यटन और ऐतिहासिक केंद्र के रूप में विकसित करने का भी संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पूज्य दादा गुरु जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विजय शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विभिन्न जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। मंत्री श्री लोधी ने अपने संबोधन का समापन अटल जी की पंक्तियों से किया, जिससे पूरा मैदान 'भारत माता की जय' और 'राजा हिरदेशाह अमर रहें' के नारों से गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन न केवल एक समाज की अस्मिता का प्रतीक था, बल्कि मध्य प्रदेश के गौरवशाली स्वाधीनता इतिहास को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध हुआ।

# जनसुनवाई में 216 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने आवेदकों से क्रमवार उनके आवेदन लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की बातों को बड़ी गंभीरता से सुना साथ ही इस जनसुनवाई में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वह हर जनसुनवाई में इसी तरह मौजूद रहकर आवेदकों की समस्याओं का यथासंभव स्थल पर निराकरण करें अन्यथा निर्धारित समय सीमा में निराकृत कर अवगत कराये । इस अवसर पर सिविल वार्ड 01 दमोह के एक आवेदक ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त दिलाने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम सिंगपुर तहसील जबेरा के आवेदक ने जमीन के सीमांकन हेतु आवेदन दिया। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 216 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 09 आधार अपडेशन, 139 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर आर एल बागरी, एसडीएम रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल, तहसीलदार दमोह रोबिन जैन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सीताबावली नूरी नगर क्षेत्र में किराये से रहती थी महिलायें

# संदिग्ध हालत में मिला बुजुर्ग विधवा महिला का शव, हत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अकेले रहने वाली एक बुजुर्ग विधवा महिला का शव संदिग्ध हालत में मिलने के बाद उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। इधर घटना स्थल के अस्त-व्यस्त हालत देखकर हत्या के पूर्व ज्यादती व लूट की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हुए हैं। शहर के कसाई मंडी चौकी अंतर्गत सीता बावली नूरी नगर क्षेत्र में किराए के कमरे में अकेली रहने वाली करीब 60 वर्षीय शरीफन बी रोज की तरह जब मंगलवार को अपने घर के बाहर नहीं निकली तो मोहल्ले वालों को उनकी चिंता हुई। पड़ोस के लोगो ने दरवाजे को धक्का दिया तो अंदर के हालात देखकर सभी की आंखें फटी की फटी रह गई। शरीफन बी बिस्तर पर अचेत पड़ी हुई थी, उनके मुंह में कपड़ा ठुसा हुआ था, कपड़े अस्त व्यस्त थे। प्रथम दृष्टिया उनके साथ जोर जबरदस्ती होने जैसी हालत समझ में आने पर उनके साथ ज्यादती के बाद हत्या की आशंका समझ में आते ही लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी लगते ही मौके पर कोतवाली टीआई मनीष कुमार सिंह, सीएसपी हरिराम पांडे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कमरे के हालात देखकर तत्काल बाहर से दरवाजे को लाक करते हुए एफएसएल टीम को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि करीब दस साल पहले महिला के पति की मौत हो जाने के बाद वह यहां पर किराए के कमरे में अकेली रहती थी बीड़ी बनाकर अपना गुजारा करती थी। लेकिन बीती रात ऐसा क्या हुआ जिसका विरोध करने पर उसे अपने प्राणों से हाथ धोने पड़े।

मोहल्ले के लोगों ने उसके साथ ज्यादती होने तथा विरोध करने पर हत्या कर दिए जाने की आशंका जताई है। तथा इस कृत्य में कम से कम दो-तीन लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस जांच में छुट्टी हुई है। सीएसपी एच आर पांडे का कहना है कि एफएसएल टीम की जांच तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी हालातो को ध्यान में रखकर जांच के साथ संदिग्ध जनों की पतासाजी में जुटी हुई है।

## नरसिंहगढ़ क्षेत्र में लापता बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी



**नरसिंहगढ़।** क्षेत्र में सुनार नदी किनारे गौशाला के समीप मंगलवार को किसी अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी के हालात बनते देर नहीं लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक की पतासाजी के प्रयास से शुरू किए गए। बाद में मृतक की पहचान फुटेरा निवासी मदन कुर्मी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति का कुछ दिन पुराना शव छत विछत अवस्था में नदी किनारे पड़ा है। शव के कुछ दिन पुराने तथा फूल जाने से पहचान नही हो पा रही थी। मौके पर नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल ने पहुंच कर आसपास के मछुआरों की जानकारी ली वही आसपास के थाना क्षेत्र में भी इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद मृतक की पहचान बटियागढ़ थाने के फुटेरा चौकी निवासी मदन कुर्मी 67 वर्ष के रूप में की गई। बताया जा रहा है वह 3 दिन से लापता थे तथा कल परिजनों द्वारा उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

### आंधी तूफान एवं ओले गिरने से महिला की मौत

**रनेह।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुआ खेड़ा में शाम होते ही मौसम ने करवट लेते ही अचानक आंधी तूफान एवं ओले गिरने लगे। इस दौरान घर में बैठी महिला रागिनी पटेरिया उम्र 48 वर्ष के ऊपर दीवार गिरने से वह मलबे में दब गई। तत्काल उनके पति राजेश पटेरिया एवं ग्रामवासियों की मदद से निकल गया एवं तत्काल हटा अस्पताल लेकर आये वहां डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

# कूलरों से भरा ऑटो हाईवे पर धू-धू कर जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम करीब 5 बजे अभाना के पास मुठिया तिराहे पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब कूलरों से लदा एक ऑटो अचानक आग की लपटों में घिर गया। कुछ ही पलों में ऑटो आग का गोला बन गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो जबलपुर से दमोह की ओर जा रहा था और उसमें दो दर्जन से अधिक कूलर लोड थे। मुठिया तिराहे के पास पहुंचते ही अचानक वाहन में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में ऑटो और उसमें रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना के दौरान हाईवे पर यातायात जारी रहा। राहत की बात यह रही कि आग की चपेट में आने के बावजूद ऑटो के टायर नहीं फटे, वरना बड़ा विस्फोट हो सकता था और गंभीर हादसा हो सकता था। इस भीषण आगजनी में चालक समेत किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की खबर नहीं है। नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही डायल 112 टीम को मौके पर भेजा गया। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और यातायात भी पूरी तरह बाधित नहीं हुआ। ऑटो चालक के थाने पहुंचने के बाद घटना की विस्तृत जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि ऑटो के नीचे लगे इंजन के अत्यधिक गर्म होने के कारण आग लगी, जिसने तेजी से पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही पलों में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया, लेकिन गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। अब सवाल यह उठता है कि हाईवे पर फायर सेफ्टी और आपातकालीन व्यवस्थाएं आखिर कब मजबूत होंगी, ताकि ऐसे हादसों में नुकसान को कम किया जा सके।

## सेवानिवृत्त स्वास्थ्य सुपरवाइजर के लंबित क्लेम के भुगतान की मांग

**पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने लिखा पत्र**

पटेरा। शासन प्रशासन के अधिकारियों का सेवानिवृत्त नागरिकों के प्रति असंवेदनशील रवैया नजर आ रहा है। सेवानिवृत्त सुपरवाइजर द्रोपती कोरी के लंबित क्लेम का भुगतान नहीं होने से वह परेशान हैं। काफी समय तक चक्कर लगाने के बाद भी उसने पेंशनर्स ए सो सि ए श न तहसील अध्यक्ष के समक्ष अपनी बात कही। तब अध्यक्ष मोहन ताम्रकार ने कलेक्टर महोदय सहित अन्य अधिकारी को पत्र लिखकर लंबित क्लेम का भुगतान शीघ्र करने की मांग की है। वह अपनी टीम के साथ पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी गए परन्तु बीएमओ मिले नहीं, न उन्होंने समाधान में कोई रुचि ली। शीघ्र लंबित बिलों के भुगतान की मांग को है।

# बस से बाइक सवार टकराए, दो की मौत

### बस के अचानक रूकने से बाइक सवार टकराए



दमोह। गुबरा कटाव मार्ग पर तेज रफ्तार बस के अचानक सवारी उतारने के लिए रूकते ही पीछे से आ रहे बाइक सवार टकराकर धराशायी हो गए। हादसे में पीछे बैठी किशोरी की मौके पर मौत हो गई वहीं उसके चाचा चाची को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर कर दिया गया था। लेकिन चाचा की भी जबलपुर पहुंचने के पहले मौत मौत हो जाने की जानकारी सामने आई है। दमोह जिले के गुबरा से कटाव जाने वाले मार्ग पर कुसमी गांव के समीप घटित इस हादसे के संदर्भ में बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर चौरसिया कंपनी की नसीब अपना अपना लिखी बस क्रमांक एमपी 50 पी 0313 मझोली तरफ जा रही थीं। अचानक कुसमी गांव के पास बस सवारी उतारने के लिए रूक गई। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 4438 सवार बस ओवरटेक करने लगे। तभी सामने से किसी अन्य वाहन के आ जाने से बचने के चक्कर में बाइक अचानक सड़क पर खड़ी बस के पिछले हिस्से से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बाइक सवार बंडा से शादी में शामिल होकर वापस मझौली लौट रहे थे।

हादसे में 15 साल की साक्षी रजक की मौके पर मौत हो गई। बाइक को चला रहे साक्षी के चाचा विमल रजक निवासी धनवाई मझोली तथा पीछे बैठी माँ निशा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनको जबलपुर रेफर कर दिया गया था। लेकिन जबलपुर पहुंचने के पहले चाचा की भी सांसे थम गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से भाग गया वहीं घटनास्थल की जो तस्वीरे सामने आई है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अचानक बस के रूकने की बजह से बाइक सवार हादसे के शिकार हो गए। फिलहाल सिग्रामपुर चौकी पुलिस ने दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789